आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 20.04.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित नहीं होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विपक्ष की आलोचना की। कहा– महिलाओं के अधिकारों में बाधा डालने वालों को मातृशक्ति देगी करारा जवाब।
- सर्वोच्च न्यायालय ने देशभर में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए।
- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा जिले में पिरूल आधारित बायोमास प्रोडक्शन यूनिट का उद्‌घाटन किया, कहा– इससे क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।
- और... "नशा मुक्त देवभूमि" अभियान के तहत ऊधमसिंह नगर पुलिस ने लगभग दो करोड़ अस्सी लाख रुपये मूल्य का अवैध गांजा बरामद किया।

**सीएम ऑन नारी शक्ति वंदन अधिनियम**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी देने की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकता था, लेकिन विपक्ष ने इसे पारित नहीं होने दिया।

देहरादून स्थित भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी साबित होती, जिससे लोकतंत्र और अधिक समावेशी तथा संतुलित बनता।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम जैसे विपक्षी दलों ने राजनीतिक कारणों से इसे सफल नहीं होने दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष का यह रवैया न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह महिलाओं के अधिकारों और उनकी आकांक्षाओं के प्रति उनकी सोच को भी उजागर करता है।

सड़क सुरक्षा

सर्वोच्च न्यायालय ने देश भर में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने कहा कि प्रशासनिक चूक या बुनियादी ढांचे की कमी के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनना चाहिए। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने कहा कि भारत के कुल सड़क नेटवर्क में राष्ट्रीय राजमार्गों का हिस्सा केवल दो प्रतिशत है, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में इनका हिस्सा लगभग 30 प्रतिशत है।

न्यायालय ने किसी भी भारी या व्यावसायिक वाहन को राष्ट्रीय राजमार्ग के कैरिजवे या पक्के शोल्डर पर निर्दिष्ट पार्किंग स्थलों या अधिकृत सड़क किनारे की सुविधाओं को छोड़कर कहीं भी अन्य स्थान पर ना रोकने का आदेश दिया है। न्यायालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों के राइट ऑफ वे के भीतर किसी भी नए ढाबे, भोजनालय या व्यावसायिक ढांचे के निर्माण या संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इसका प्रवर्तन उन्नत यातायात प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

पीठ ने सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को राजमार्गों पर सुरक्षा में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया।

## मधुमक्खी पालन

राज्य में 9 हजार से अधिक किसान व्यावसायिक रूप से मधुमक्खी पालन कर रहे हैं, जिससे लगभग 3 हजार 300 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हो रहा है। इसके अलावा कई किसान छोटे स्तर पर भी मधुमक्खी पालन से जुड़े हैं। किसान मुख्य रूप से एपिस इंडिका और एपिस मेलिफेरा प्रजातियों से शहद का उत्पादन कर रहे हैं। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने यह जानकारी दी।

श्री जोशी ने बताया कि राज्य के 11 जिलों में एक–एक मधुग्राम तथा चम्पावत और देहरादून जिलों में दो–दो मधुग्राम चयनित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन से किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं और यह उन किसानों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जिनके पास भूमि सीमित है या उपलब्ध नहीं है।

## बायोमास प्लांट का शुभारंभ

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा जिले के पड़ोलिया में पिरूल आधारित बायोमास प्रोडक्शन यूनिट का उद्‌घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस यूनिट की स्थापना से आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि पिरूल एकत्र कर उद्योगों को बेचने वाली महिलाओं के हितों की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार पहले ही नीति तैयार कर चुकी है।

श्रीमती आर्या ने कहा कि इस पहल से जहां एक ओर जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं पर नियंत्रण में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी ओर पहाड़ी क्षेत्रों में उद्योगों को ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत भी उपलब्ध होंगे।

"नशा मुक्त देवभूमि"

"नशा मुक्त देवभूमि" अभियान के तहत उधमसिंह नगर जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के नेतृत्व में पुलिस ने लगभग 2 करोड़ 80 लाख रुपये मूल्य का अवैध गांजा बरामद किया है।

श्री गणपति ने बताया कि 18 अप्रैल को चौकिंग अभियान के दौरान 558 किलोग्राम से अधिक गांजा एक कैंटर वाहन से बरामद किया गया, जिसे सुतली के गट्ठरों के बीच छिपाकर लाया जा रहा था। इस मामले में तीन शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि यह गांजा उड़ीसा से लाकर उधमसिंह नगर में सप्लाई किया जाना था।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है और अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## "जन–जन की सरकार जन–जन के द्वार"

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर में "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने क्षतिग्रस्त नालियों, सड़कों, पेंशन, फसल सुरक्षा, पेयजल, राशन कार्ड न बनने और खेल मैदान की कमी जैसी समस्याएं उठाईं। श्रीमती आर्या ने कहा कि सरकार हर नागरिक की समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं कि शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को आवश्यक जानकारी और सेवाएं प्रदान कीं। पात्र लोगों को व्हीलचेयर, हियरिंग किट और छड़ी भी वितरित की गई।

## 12 सदस्यीय सेल गठित

पुलिस विभाग ने चारधाम यात्रा के सुचारु संचालन के लिए 12 सदस्यीय सेल का गठन किया है। इस सेल का प्रभारी एसपी ट्रैफिक लोकजीत सिंह को बनाया गया है। इस संबंध में एडीजी कानून–व्यवस्था डॉ. वी. मुरुगेशन ने आदेश जारी किए हैं।

उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा मार्ग पर लगातार निगरानी के लिए विभिन्न स्थानों पर चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं और प्रत्येक 10 किलोमीटर पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा 1200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से भी यात्रा मार्ग की निगरानी की जा रही है।

दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही एटीएस भी चारों धामों में तैनात रहेगी।

## अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

चारधाम यात्रा के शुभारंभ को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से पहले पृष्ठ पर स–चित्र प्रकाशित किया है। इस खबर पर हिन्दुस्तान की सुर्खी है– चारधाम यात्रा का श्रीगणेश, गंगोत्री–यमुनोत्री धाम के कपाट खुले, दोनों धामों में प्रधानमंत्री के नाम से की गई पहली पूजा।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रधानमंत्री मोदी के हवाले से दैनिक जागरण लिखता है– टीएमसी ने कांग्रेस के साथ साजिश रच मां–बहनों को दिया एक और धोखा। इस खबर पर अमर उजाला का शीर्षक है– तृणमूल ने बेटियों से किया विश्वासघात।

तमिलनाडू की पटाखा फैक्टरी में धमाके पर अमर उजाला लिखता है– 23 लोगों की मौत, छह घायल